## एक नजर में

### सड़क हादसे में युवक की मौत


**भोपाल.** रातीबड़ थाना इलाके में सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गई. युवक की बाइक नंबर के आधार पर पुलिस ने पहचान की. जानकारी मुताबिक शिवम विश्वकर्मा (24) कोलार रोड में दुर्गा नगर का रहने वाला था. सोमवार दोपहर नीलबड़ से मुगालिया छाप गांव के बीच शिवम, जब अपनी बाइक से जा रहा था. सड़क का एक हिस्सा उठा होने से शिवम हादसे का शिकार हो गया. बाइक के नंबर के आधार पर शिवम की पहचान की गई. स्थानीय लोगों का कहना है कि सड़क ठीक नहीं होने से अक्सर यहां हादसे होते हैं, जिसको लेकर वे कई बार जन प्रतिनिधियों से लेकर संबंधित एजेंसी को बताया जा चुका है.

### फर्जी बैंक एप से ठगी की वारदात

**भोपाल.** बैरसिया थाना क्षेत्र में सायबर जालसाजों ने फर्जी बैंक एप के जरिए ठगी की वारदात कर दी. पीड़ित के खाते से जालसाजों ने करीब दो लाख रुपए की राशि ट्रांसफर कर लिए. शिकायत के बाद पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है. बैंक की मदद से पुलिस जालसाजों के बारे में जानकारी जुटाते हुए तलाश शुरू कर दी है. जानकारी के मुताबिक फरियादी उमेश विश्वकर्मा ने अपने कुछ परिचितों से रुपए उधार लिए हैं. रुपए वापस लौटाने के लिए उमेश इंटरनेट बैकिंग एप का भी इस्तेमाल करना चाह रहे थे. 3 मई को उन्होंने बैंक का एप अपने मोबाइल पर डाउनलोड किया, जो कि जाली एप था.

# क्षतिग्रस्त वेस्टवियर का कार्य दो माह में करें पूर्ण

## जल संसाधन मंत्री ने केरवा बांध का निरीक्षण कर अधिकारियों को दिए निर्देश



**भोपाल 5 मई. जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट ने निर्देश दिए हैं कि केरवा डैम के क्षतिग्रस्त वेस्टवियर का कार्य आगामी दो माह में पूर्ण किया जाए. कार्य पूर्ण गुणवत्तापूर्वक हो एवं संबंधित अधिकारी निरंतर कार्य का निरीक्षण कर वरिष्ठ अधिकारियों को प्रगति की जानकारी दें.**

कुछ माह पूर्व बांध के वेस्टवियर का स्लैब अत्यधिक पुराना होने के कारण क्षतिग्रस्त हो गया था, जिसका पुन: निर्माण कार्य कराया जा रहा है. जल संसाधन मंत्री सिलावट ने मंगलवार को केरवा बांध के क्षतिग्रस्त वेस्ट वियर के पुनर्निर्माण कार्य का निरीक्षण किया और कार्य के संबंध में अधिकारियों को निर्देश दिए. निरीक्षण के दौरान अधीक्षण यंत्री बी.एल.निमामा, कार्यपालन यंत्री नितिन कुहिकर, अनुविभागीय अधिकारी प्रदीप चतुर्वेदी तथा निर्माण एजेंसी के प्रतिनिधि उपस्थित थे.

> केरवा बांध की कुल लंबाई 396 . 50 मीटर एवं उंचाई 22 .6 मीटर है. बांध की कुल जीवित जल भराव क्षमता 22 .6 मिलियन घन मीटर है, जिससे भोपाल जिले के लगभग 35 ग्रामों की 3 हजार 960 हेक्टेयर भूमि में रबी सिंचाई किया जाना रूपांकित है. इसके अतिरिक्त जलाशय से पेयजल के लिए जल भी प्रदाय किया जाता है. विगत कुछ माह पूर्व बांध की वेस्टवियर का स्लेब अत्यधिक पुराना हो जाने से क्षतिग्रस्त हो गया था, जिसका पुन: निर्माण कार्य वर्तमान में किया जा रहा है. स्थल निरीक्षण के दौरान मैदानी अधिकारियों द्वारा अवगत कराया गया कि टूटे हुए हिस्से को डिस्मेंटल कर नवीन निर्माण के लिए फाउंडेशन लेवल तक खुदाई का कार्य किया जा चुका है.




### न्यू मार्केट में बीच सड़क पर हाथ ठेले

**भोपाल.** राजधानी भोपाल के व्यस्त न्यू मार्केट क्षेत्र में अव्यवस्था का माहौल देखने को मिल रहा है. बीच सड़क पर ही ठेले लगाकर सामान बेचे जाने के कारण रास्ते संकरे हो गए हैं, जिससे पैदल चलने वालों और खरीदारों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है. खासकर शाम के समय भीड़ बढ़ने पर स्थिति और खराब हो जाती है.

# सरकारी कॉलेजों में प्रवेश प्रक्रिया शुरू

## राज्य शिक्षा केंद्र ने जारी की समय-सारणी

**नवभारत प्रतिनिधि**

**भोपाल, 5 मई. प्रदेश में शिक्षा के क्षेत्र में अपना भविष्य बनाने की चाह रखने वाले युवाओं के लिए राज्य शिक्षा केंद्र ने शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए विभिन्न प्रोफेशनल कोर्सेज में प्रवेश की प्रक्रिया शुरू करने का आदेश जारी कर दिया है.**

इस संबंध में राज्य शिक्षा केंद्र के अपर संचालक डॉ. अरुण सिंह ने एमपी ऑनलाइन के मुख्य परिचालन अधिकारी को पत्र लिखकर तय समय-सारणी के अनुसार एडमिशन



पोर्टल खोलने और प्रक्रिया प्रारंभ करने का अनुरोध किया है. जिसके तहत इस बार एम.एड., एम.ए. मनोविज्ञान (व्यावहारिक), पीजीडीजीसी, बी. एड., डी. एल. एड., डी. पी. एस. ई. और ई. एल. टी.आई. जैसे महत्वपूर्ण पाठ्यक्रमों में दाखिला लिया जाएगा.वहीं शासन द्वारा संचालित इन पाठ्यक्रमों में प्रवेश की पूरी प्रक्रिया पूर्व में जारी नियमों और गाइडलाइन के आधार पर ही संपन्न होगी.

इस घोषणा के बाद उन हजारों छात्र-छात्राओं का इंतजार खत्म हो गया है जो शिक्षण और मनोविज्ञान जैसे क्षेत्रों में उच्च शिक्षा प्राप्त करना चाहते थे.राज्य शिक्षा केंद्र द्वारा जारी निर्देश के अनुसार एम.एड में 1 जून, डी.एल.एड में 15 मई, बीएड में 25 मई, ई.एल.टी.आई. में 3 जून, एम.ए. मनोविज्ञान, पीजीडीजीसी और डी.पी.एस.ई में 8 जून से रजिस्ट्रेशन और च्वाइस फिलिंग की प्रक्रिया शुरु की जायेगी. इसके साथ ही भोपाल, ग्वालियर, जबलपुर, उज्जैन, रीवा, इंदौर और खंडवा सहित प्रदेश के अन्य प्रमुख जिलों के सरकारी शिक्षा महाविद्यालयों और जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थानों को भी सूचित कर दिया गया है.

> इच्छुक अभ्यर्थी अब एमपी ऑनलाइन के माध्यम से इन पाठ्यक्रमों के लिए अपना पंजीकरण करा सकेंगे .विभाग का लक्ष्य है कि समय पर प्रवेश प्रक्रिया पूरी कर शैक्षणिक सत्र को नियमित रखा जाए ताकि युवाओं को करियर के बेहतर अवसर मिल सकें.

# बिल्डिंग में घुसे एनएसजी कमांडो

### मॉकड्रिल से परखी स्टेशन की सुरक्षा



**भोपाल, 5 मई. रानी कमलापति स्टेशन के आस-पास मंगलवार को भारी सुरक्षा बल तैनात किया गया. इस दौरान बहुत कम लोगों को ही आवाजाही की अनुमति दी गई. राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड (एनएसजी) कमांडो ने स्टेशन के पास की बिल्डिंग में हाई-इंटेंसिटी मॉक ड्रिल की.**

इसके तहत बिल्डिंग में आतंकियों के घुसने की स्थिति और उनसे सर्तकता का अभ्यास किया गया. इस माक ड्रिल से सुरक्षा एजेंसियों के जवानों के हौंसले का प्रदर्शन देखने को मिला. जवानों ने खास अभ्यास के दौरान आतंकवादियों के चंगुल से बंधक बनाए गए लोगों को सुरक्षित बाहर निकालने और ऐसी ही चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों से कैसे लड़ा जाता है. इस तरह का अभ्यास दिखाया. एनएसजी कमांडो करीब एक माह से विशेष ट्रेनिंग का हिस्सा है. इसका फाइनल रिहर्सल मंगलवार को किया गया.

इस मौके पर प्रदेश पुलिस काबम डिस्पोजल एंड डिटेक्शन स्क्वॉड दल और कई सुरक्षा वाहन, एम्बुलेंस के साथ ही फायर ब्रिगेड का दल सर्तक मोड पर उपस्थित रहा. मॉक ड्रिल का मकसद यह रहा कि किसी भी आतंकी खतरे की स्थिति में आम नागरिकों की सुरक्षा में किसी तरह की चूक न हो.




# अस्पतालों में अग्नि सुरक्षा को लेकर किया जा रहा जागरूक

**नवभारत प्रतिनिधि**

**भोपाल, 5 मई . जिले की समस्त शासकीय स्वास्थ्य संस्थाओं में इन दिनों फायर सेफ्टी सप्ताह के माध्यम से अग्नि सुरक्षा के प्रति जागरूकता फैलाई जा रही है.4 से 10 मई तक चलने वाले इस विशेष अभियान का उद्देश्य अस्पतालों को किसी भी अप्रिय स्थिति से निपटने के लिए तैयार करना है.**

जिसके तहत इस वर्ष यह सप्ताह 'सेफ स्कूल, सेफ हॉस्पिटल एंड फायर सेफ्टी अवेयर सोसाइटी - टुगेदर फॉर फायर प्रिवेंशन' की थीम पर मनाया जा रहा है.बता दें अभियान के दौरान केवल कागजी कार्यवाही नहीं बल्कि धरातल पर प्रशिक्षण दिया जा रहा है.अस्पताल के डॉक्टरों और नर्सिंग स्टाफ को आग बुझाने वाले उपकरणों (फायर एक्सटिंग्विशर) को चलाने का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया है.इसके साथ ही आपातकालीन स्थिति में कोड रेड और ऑल क्लियर के दौरान अपनाई जाने वाली प्रक्रियाओं का भी अभ्यास कराया जा रहा है ताकि किसी भी हादसे के वक्त बिना घबराए राहत कार्य किया जा सके. इस कार्यक्रम के तहत स्वास्थ्य कर्मियों ने अग्नि सुरक्षा की शपथ भी दिली जा रही है. इसके साथ ही क्विज, पोस्टर प्रतियोगिता और जागरूकता रैलियों का आयोजन किया जा रहा है ताकि आम जनमानस और अस्पताल स्टाफ में सुरक्षा के प्रति संवेदनशीलता बढ़े. स्वास्थ्य संस्थाओं में बिजली के भारी लोड वाले उपकरणों की विशेष रूप से जांच की जा रही है.

### सीएमएचओ ने दिए समीक्षा के निर्देश

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मनीष शर्मा ने बताया कि जिले की सभी स्वास्थ्य संस्थाओं को फायर सेफ्टी मापदंडों के अनुसार अपडेट करने के निर्देश जारी किए गए हैं .अस्पतालों में लगे फायर अलार्म और अग्निशामक यंत्रों की भौतिक जांच की जा रही है .अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि फायर रिस्पांस प्लान और संबंधित दस्तावेजों का संधारण अनिवार्य रूप से किया जाए.

# नियुक्ति के लिए कर रहे संघर्ष

- शिक्षक आज करेंगे हल्ला बोल
- 3 माह के भीतर नियुक्ति आदेश जारी होना अनिवार्य

**नवभारत प्रतिनिधि**

**भोपाल, 5 मई. मध्यप्रदेश में शिक्षक भर्ती वर्ग-2 और वर्ग-3 के हजारों चयनित अभ्यर्थियों का धैर्य अब जवाब दे गया है.**

पात्रता और चयन जैसी दो-दो कठिन परीक्षाएं पास करने के बावजूद नियुक्ति के लिए भटक रहे अभ्यर्थी अपनी मांगों को लेकर आगामी 6 मई को राजधानी भोपाल में लोक शिक्षण संचालनालय का बड़ा घेराव करेंगे. अभ्यर्थियों का कहना है कि भर्ती प्रक्रिया को जानबूझकर 'पंचवर्षीय योजना' बनाया जा रहा है, जबकि प्रदेश के हजारों स्कूल बिना शिक्षकों के चल रहे हैं.प्रदर्शन करने वाले अभ्यर्थियों का तर्क है कि परीक्षा संचालन नियम पुस्तिका की धारा 3.28 के अनुसार, रिक्त पदों के आधार पर चयन सूची जारी होने के तीन माह के भीतर नियुक्ति आदेश जारी होना अनिवार्य है.

यदि इस अवधि में विलंब होता है, तो संबंधित अधिकारी व्यक्तिगत रूप से उत्तरदायी माने जाएंगे.जबकि सितंबर 2025 में चयन परीक्षा का परिणाम घोषित होने के बाद 8 महीने से अधिक का समय बीत चुका है, लेकिन अब तक पात्र-अपात्र की सूची और चॉइस फिलिंग की प्रक्रिया शुरू नहीं की गई है.

> **आश्वासनों से भरा रहा सफर**
>
> चयनित शिक्षकों का कहना है कि वे अपनी पीड़ा लेकर कई बार जिम्मेदारों के पास गए .कभी कोर्ट केस का हवाला दिया गया, तो कभी एक महीने में प्रक्रिया पूरी करने का मौखिक आश्वासन मिला.1 अप्रैल को मुख्यमंत्री निवास और डीपीआई से जल्द कार्रवाई का भरोसा मिला था, लेकिन मई प्रारंभ होने के बाद भी धरातल पर कुछ नहीं बदला .अभ्यर्थियों ने स्पष्ट किया है कि वर्ग-2 और वर्ग-3 की इस भर्ती पर किसी भी न्यायालय का कोई स्टे नहीं है, फिर भी प्रक्रिया को लटकाया जा रहा है.

# 805 किसानों ने 93 उपार्जन केंद्रों पर बेचा गेहूं

**भोपाल. जिले में उपार्जन केंद्रों पर सोमवार को गेहूं की खरीदी की गई 93 केंद्रों पर 805 किसानों ने गेंहू बेचा. जिनसे 12744 मीट्रिक टन गेंहूं की खरीदी की गई. सोमवार को 54 किसानों के भुगतान के साथ ही पूर्व के रुके हुए अन्य भुगताना के साथ 264 करोड़ रुपए का भुगतान किया गया.**

वर्तमान में बड़े किसानों की फसल की खरीदी की जा रही है.जो प्रतिदिन लाखों क्विंटल के आसपास हो रही है. प्रशासन का नियम है कि एक एकड़ के



किसान से 16 क्विंटल गंहू की खरीदी की जाएगी. उसका प्रमुख कारण है कि अधिकतर एक एकड़ पर 18 क्विंटल गेहूं की पैदावर का अनुमान रहा है लेकिन वर्तमान में कुछ किसानों की फसल अनुमान से कहीं अधिक की पैदावार हुई है. ऐसे में किसानों की परेशानी थी की शेष गेंहू को कैसे बेचा जाए. प्रशासनिक अधिकारी ने कुछ नियमों में शिथिलता करने के संकेत दिए थे. जिससे किसानों की अनुमान से अधिक हुई पैदावार की आसानी से किसानों को लाभ मिल सके.

### इनका कहना है...

अनुमानित से अधिक गेंहू की अगर पैदावार हुई है, तो उसको उपार्जन केंद्रों पर खरीदने के लिए रास्ता निकाला जाएगा.

**सुमित कुमार पांडे,**
एडीएम भोपाल

### बीएड, एमएड समेत कई कोर्सेज में प्रवेश शुरू

**भोपाल.** प्रदेश के सरकारी और निजी शिक्षा महाविद्यालयों में करियर बनाने की राह देख रहे छात्र-छात्राओं के लिए उच्च शिक्षा विभाग ने सत्र 2026-27 के लिए बी.एड. एम.एड. बी.पी.एड. और एम.पी.एड. जैसे महत्वपूर्ण पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए प्रवेश प्रक्रिया शुरू कर दी है. विभाग द्वारा जारी आधिकारिक सूचना के अनुसार एकीकृत तीन वर्षीय बी. एड. -एम. एड. और आई. टी. ई. पी. जैसे आधुनिक पाठ्यक्रमों में भी प्रवेश के लिए आवेदन मंगाए गए हैं.बता दें प्रवेश के इच्छुक अभ्यर्थी 2 मई से शुरू की जा चुकी है. जिसमें अभ्यर्थी 14 मई तक ऑनलाइन पंजीकरण कर सकेंगे.जबकि आवेदन के साथ दस्तावेजों के सत्यापन की प्रक्रिया भी 4 मई से शुरू कर दी गई है, जो कि 15 मई तक चलेगी.विभाग द्वारा 18 मई को पहली मेरिट सूची प्रकाशित की जाएगी, जिसके बाद 20 मई को सीट आवंटन किया जाएगा. जिसके बाद चयनित छात्रों को 20 से 26 मई के बीच अपना प्रवेश शुल्क जमा करना अनिवार्य होगा.

# बिना कारण ट्रेनों की चेन पुलिंग करने वालों पर रेलवे सख्त

**01 माह की कार्रवाई में 440 पकड़ाये**

**भोपाल, 05 मई. ट्रेनों के सुरक्षित और समयबद्ध संचालन में बाधा डालने वाली अलार्म चेन पुलिंग की घटनाओं को रोकने के लिए भोपाल रेल मंडल ने शिकंजा कसना शुरू कर दिया है.**

डीआरएम पंकज त्यागी के मार्गदर्शन और वरिष्ठ मंडल सुरक्षा आयुक्त डॉ. अभिषेक के नेतृत्व में रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) द्वारा की गई कार्रवाई में अप्रैल माह में 440 व्यक्तियों को बिना ठोस कारण चेन खींचने के आरोप में पकड़ा गया है. जिसमें रेलवे अधिनियम की धारा 141 के तहत की गई कार्रवाई में आरोपियों से कुल 62,150 रुपये का जुर्माना वसूला गया है. रेलवे के अनुसार, बिना किसी आपातकालीन या पर्याप्त कारण के अलार्म चेन खींचना एक दंडनीय अपराध है. इसके लिए दोषी को एक वर्ष तक का कारावास या 1 हजार रुपये तक का जुर्माना या दोनों सजाएं हो सकती हैं.

> **समयपालनता और यात्री सुरक्षा पर असर**
>
> डीसीएम कटारिया ने बताया कि बेवजह चेन पुलिंग न केवल उस विशेष ट्रेन को रोकती है, बल्कि उसके पीछे चलने वाली अन्य ट्रेनों की समयपालनता पर भी बुरा असर डालती है. आरपीएफ और वाणिज्य विभाग द्वारा इस प्रवृत्ति को रोकने के लिए निरंतर सघन चेकिंग अभियान चलाए जा रहे हैं. रेल प्रशासन ने यात्रियों से अनुरोध किया है कि वे केवल अत्यंत आपात स्थिति में ही अलार्म चेन का उपयोग करें.






**शिकायत** ▶ कलेक्टर कार्यालय में हुई जनसुनवाई में लोगों ने बताईं समस्याएं

# सीसीटीवी फुटेज नहीं दे रहा अस्पताल प्रबंधन

**नवभारत संवाददाता**

**भोपाल, 5 मई. कलेक्टर कार्यालय में मंगलवार को जन सुनवाई कलेक्टर की बिना मौजूदगी में की गई. कलेक्टर ने बैरसिया में जनसुनवाई की. जनसुनवाई के दौरान न्यू मार्केट रोशनपुरा निवासी नीलेश नामदेव ने आवेदन दिया कि जवाहर चौक के अनंत हार्ट हॉस्पिटल में 16 मार्च को पिताजी रामकुमार नामदेव को जांच के लिए ले गए.**

उन्हें अस्पताल में भर्ती कर लिया गया. जांच सभी नॉर्मल आई. दूसरे दिन आईसीयू में शिफ्ट कर दिया गया. जिसमें कोई देखरेख वाला नहीं था. रात 10 बजे तक पिताजी अच्छे थे. 18 मार्च को सुबह 6:45 बजे कॉल गया. हॉस्पिटल पहुंचा तो पापा को मृत पाया. मैंने कहा कैसे हो गया? डॉक्टरों व स्टाफ ने कुछ नहीं बताया. सीसीटीवी फुटैज नहीं दिखाए. मुझसे अस्पताल प्रबंधन ने शव का अंतिम संस्कार करने के लिए बोला गया. 19 मार्च हॉस्पिटल गया तो स्टाफ टालने लगा. 21 मार्च को हॉस्पिटल पहुंचे. हंगामा किया तो 20 मार्च का सीसीटीवी फुटैज दिखाने लगे. लेकिन 18 मार्च के नहीं दिखाए गए. पिताजी की नाभि के पास कट, टांके लगे हुए थे. जिसकी शिकायत के लिए टीटी नगर थाने में गए. शिकायत पर पुलिस वाले अस्पताल पहुंचे लेकिन उनको भी सीसीटीवी फुटैज नहीं दिखाए. दौबारा थाना प्रथारी के पास गए, फिर पुलिस ने छानबीन के दौरान 16 और 17 की वीडियो मिल गई, लेकिन 18 की नहीं मिली. उन्होंने जांच की मांग की है.

### हाउसिंग बोर्ड की जमीन पर बनवाया मकान

कटारा झांगरिया खुर्द की निवासी संगीता गोचर ने जनसुनवाई में एडीएम सुमित पांडेय को शिकायत की है कि सरपंच सुरेश रैकवार ने धोखे में रखकर पहले हाउसिंग बोर्ड की जमीन पर मकान बनवा दिया, जिसमें मेरी जमा पूंजी चली गई. बाद में प्रशासन ने मकान तोड़ दिया. इसी तरह पैसे लेकर सरपंच रैकवार शासकीय जमीनों पर लोगों को मकान बनाने के लिए कहता है. इस पर एडीएम ने जल्द ही कार्रवाई कराने के लिए कहा है.

> **आंवटित भूमि की नहीं हो रही रजिस्ट्री**
>
> मिनाल रेसीडेंसी के पास दुर्गेश विहार निवासी लीलाधर गुप्ता ने शिकायत की है कि आशीर्वाद महिला गृह निर्माण सोसायटी ग्राम बरखेड़ा नाथू नीलबड़ की ओर से साल 2011 में भूखंड आवंटित किया गया, लेकिन सोसायटी के बराबर में स्थित आनंद इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट कॉलेज के मालिक विकास चौधरी के मध्य सीमा विवाद शुरू हो गया था, जिससे प्रशासक नियुक्त किया गया था, उसकी वजह से उक्त भूमि की रजिस्ट्री नहीं हो पा रही. यह मामला निराकरण के लिए एडीएम नोर्थ को सौंपा गया है.